अरण्य दिंश में आदिवासी की जीवन यात्रा सहज नहीं थी। जंगली वन्य जन्तु - जानवर का उपद्रव लगा रहता था। इससे रक्षा कर पाना मुश्किल था। इसलिए सृष्टि के आदि पिता-माता के पास शरण लेकिन आश्रय तथा सुरक्षा की प्रार्थना करते थे। यह आदिम संस्कार झारखण्ड समाज में आज भी रह गया हैं। संतान जनम के साथ-साथ या नाता के समय माता, दुधुमाई (दादी माँ) यज्ञ परिवार का कोई भी संतान की मंगल कामना करके धरम ठाकुर का मानत करता है। उसी समय से ही बायाँ पैर लोहा का बेड़ी एवं सिर का बाल छोड़ दिया जाता हैं। सामर्थ के अनुसार आधमुड़, एकमुड़, अथवा दाँयें-बाँयें पाँठा बलि देने का नियम हैं। धर्म का मानता विवाह के पूर्व तक परिशोध करना अनिवार्य है। मानता रहने पर संतान मर जाने से जलाया नहीं जाता है, बल्कि मिट्टी दे दिया जाता है। धरम का उत्सर्गीय पाँठा का किसी कारणबश रक्तपात या अंगहानी होने पर पूजा में नहीं लगता है इसलिए उसपर अधिक ध्यान दिया जाता है। यदि पाँठा खो जाता है तो दूसरा व्यवस्था करना पड़ता है। किन्तु लोक विश्वास है धरम पूजा के संजोज के रात यें खोया हुआ पाँठा लौटा आता है । पहली संतान के उपरान्त किसी संतान दुःख या रोग ग्रस्त होने पर

धरम की मानता करते है। जिसे सुरजाही करते है।

पूरे टोटम या गुष्टी की मंगल कामना में पूजा–अनुष्ठान को आखाड़ा या पाँता पूजा कहते है, इसकी विशेषता यह है कि आखड़ा पूजा के समय साधासण कार्तिक का चाँद अगहन, माघ, फागुन, वैशाख महीना के शुक्ल पक्ष शनिवार या रविवार के दिन अनुष्ठित होता है। हल्दी मखाया हुआ चावल देकर गुष्ठी भयाद एवं कुटुम्बों को न्योता दिया जाता हैं। आत्मीय व्यक्ति पूजा के दिन चावल ? तरकारी, पाँठा लेकर उपस्थित होते हैं। नकद देने की कोई परंपरा नहीं हैं। पूजा के पहले दिन गुष्टी केसनी सदम्य नापित से नाखून, केश बनवाकर संजोत एवं उपवास कहते है। पूजा सूरज उगते होनी चाहिए। पूजा स्थल आम–जाम का डाली देकर छामड़ा या मंचन किया जाता है। कुल्ही में बनमाला टंगाया जाता है। पूजा के समय मंच के सामने चार कांड़ गाड़ दिया जाता है तथा सफेद सूता से घेरा जाता है। धान का घट बनाया जाता है। कहीं–कहीं पुरोहित रहने के बावजूद अधिकांश क्षेत्र में गुष्टी का बड़ा व्यक्ति पूजा करता है।

पूजा का मंत्र नहीं हैं। देवता का उद्देश्य प्रसाद निवेदक द्वारा कम से कम एक पाँठा एक पाँठी (अक्षतजनी) की बलि से होता हैं। इसके बाद बड़ पत्ता का दूध ढार दिया जाता हैं। दूध देने के समय सभी व्यक्ति उपवास करके रहते है। यह लक्षणीय है कि दूध ढार सूर्य का प्रतीक है झारखण्ड के सामाज में अन्यान्य पूजा में कांठाल, सारई पर्त्ता का व्यवहार होता हैं। किन्तु धरम पूजा में केवल बड़ पत्ता काही उपयोग होता है। झारखण्ड प्रदेश मे बड़ पेड़ की विशेषता आज भी हैं। समाज के विशेष व्यक्ति का तुलना पड़ पेड़ से करते है। भोजन शुरू होने के पहले पुरंतर हल्दी मखाया आतव चावल का बना भात प्रत्येक पना प्रसाद के रूप में दिया जाता हैं। आखड़ा पूजा गुष्टी की समुहिक मंगल कामना से होता हैं। इसलिए बहार से टोटेमिक कुटुम्ब इस पूजा में भाग लेते हैं। पूजा गाँव के बाहार तलाब के सामने निदिंष्ट स्थान पर होती हैं। जिसे धरमधुटु का आखाड़ा कहते हैं। गुष्टी के सभी आदमी नया कपड़ा पहनते हैं। भोजन के समय वृत्ताकार अर्थात् सूर्य की प्रतिकृति बनाकर बैठते हैं। आखड़ा पूजा में खाना, तरकारी या कोई भी वस्तु अधिक हो जाने पर घर लाने का नियम नहीं हैं। वही इसे गड्ढा खोद कर गाड़ दिया जाता है। भोजन के अन्त में पत्ता

उठाने की भी विशेषता हैं। प्रत्येक अपना-अपना पत्ता मिट्टी से घिसत का निर्दिष्ट स्थान पर इकट्ठा करते हैं। आखड़ा पूला की और एक विशेषता है कि वहाँ स्त्रियाँ नही जाती है। वे घर में ही अपना खाना बनाती है। सूरजाह्नी अथवा धरम पूजा में ऐसा कोई नियम नहीं है क्योंकि यह पूजा घर में होती हैं।

झारखण्ड के प्रत्येक पर्व-त्योहार व सामाजिक कार्य में नृत्य गीत होता है। किन्तु धरम पूजा के अवसर पर नृत्य नहीं हैं। केवल संजोत के रात सोहराई गीत गाया जाता है। ये गीत कुड़माली गीतों के आख्यान हैं। गीतों में काव्य समृध्दि नहीं है किन्तु अपने समाज के लोकजीवन की कहानी सरल भाषा में व्यक्त की जाती हैं। कुड़मी समाज के धार्मिक जीवन में धरम ठाकुर को ही प्रधान देवता मानते है।

कृषि कार्य में रोहनी संस्कृति

कुड़मी जाति के जीवन प्रणाली कृषि पर निर्भर है। इसलिए कुड़माली संस्कृति प्रत्येक अनुष्ठान में कृषि का रूप प्रतिफलित होता है।

पौथी पांजी सृष्टि के पहले से कृषि संस्कार के रूप में पुरे वर्ष का परिचय मिलता है। कृषि वर्ष का नव वर्ष आखान यात्रा माघ महीना का पहला दिन से हल पुन्यहा के साथ शुरू हो जाता है। किसान के रिति-रिवाज में जाड़ा, महुआ, निटन, रोपनी, बाँदना, काली कर्म के आधार पर बँटवारा किया गया है। निरन महीना (जैठ) का रोहनी नक्षत्र से बीज-बिहिन का पुन्याह लगाना आरम्भ होता है। झारखण्डी खेती का अनाज का भी कवशेषता देखने को मिलता हैं। धान, मडुवा, गुँदली, ज्वार, बाजरा, उड़द, अरहर, कद्दु, कोंहड़ा, झींगा आदि सभी प्रकार के बीज-बिहिन यह राकहिनी नक्षत्र सात दिन के अन्दर किया जाता हैं। यानि बोया जाता है क्योंकि किसान यह मानता है कि रोहिन का विहिन नष्ट नहीं होता है। रोहिन दिन क्या हाता है? कुड़माली समाज व्यवस्था में लक्षणीय । घर आँगन को लिप-पोत कर तुलसी पिंडा के सामने चौक पुर कर शुभ प्रतीक बनाता तथा कुषि देवी का कल्पनीक पैर का निशान दरवाजा से घर तक बनाया जाता है। विहिन वपन करने वाले घर के मुखिया तुलसी पिंडा से विहिन को माथे में उठाकर खेत ले जाते है और खेत में बुनता है।

घर के बाहरी दिवार में गोबर का प्रलेप साँप के भय से रक्षा के लिए दिया जाता है।

रोहिन दिन एक विशेष प्रकार फल खाने का रिवाज है। आज कल इस चारी (रीति) को अन्धविश्वास मानता है। किन्तु इसको विज्ञान सम्मत विचार करने से वास्तविकता सामने आता है। प्रकृति पुजारी, प्रकुति से प्रेमी झारखण्डी जाति का अपनी समस्या-चिकित्सा पद्धति प्रकृति से ढुँढने का कोशिश करता हैं। आज का दिन प्रति झारखण्डी परिवार में एक विशेष प्रकार पिंड़ा बनाया जाता है। जिसमें बनाने का विशेष कला का जरूरत नहीं है किन्तु स्वास्थ्य के लिए उपकारी कोई "खापर पीठा" में दूध दिया जाता हैं, और उस दूध मिला हुआ पुआ को सारा परिवार पेटभर के खाता है। इसमें भी आदिम संस्कार जुड़ा हुआ है।

करम पर्व भाई बहन का अटुट बंधन हैं।

दिया दिहा करम राजा दिया आशिष गो ।
हामर भैया वाँचतउ लाखअ बरस गो ।।

इस लोक गीत के साथ पूरें झारखण्ड क्षेत्र में करम उत्सव का शुरूआत हो जाता हैं। झारखण्ड संस्कृति का यंह एक महत्वपूर्ण पर्व हैं। यह भादों एकादशी के दिन मनाया जाता है। करम शब्द का कुड़माली भाषा में करम पेड़ को कृषि देवता के रूप में डाली गाड़कर पूजा किया जाता है। करम परब किसान लोगों के कृषि का कर्म करने का या चास कार्य समझा जाता है। भादो एकादशी के नौ दिन या पाँच दिन पहले गाँव की अविवाहित लड़की करमा की डाली गाँव के समीप तालाब, झरना, या नदि के पास नहा कर डाली या टुपा में बालू देकर कुरथी, घाँघरा, मूँग, मकई, आदि अनाजों के साथ हल्दी मिलाकर अपना-अपना डाली में रखती है। जिसे 'जावा' कहा जाता है। उसी दिन से करम परब का शुरूआत हो जाता है, जिसमें कुछ नियम पालन करना पड़ता है। जैसे-बासी जला हुआ खाना नहीं खाती है। इन लोगोंइ में विश्वास है, कि बासी खाने में जावा गल जाती हैं। गरम चीज खाने से झुलस जाती है। करमा परब किसी पर्व के साथ-साथ इस क्षेत्र में अधिक महत्व इसलिए है। इस पर्व में प्रत्येक बहन अपने भाई की दीर्घायु शुरू-स्मद्धि के लिए करम राजा से

प्रार्थना करती है। जावा बोना हो जाने के बाद मूल जावा को माची पर रखा जाता है। और उसके चारो ओर दुसरे जावा डाली रखी जाती है। इसके बाद सब संजोति एक दुसरे के हाथ पकड़ के शुरू करती है अपनी लय या ताल के साथ "करमा - गीत"। झारखण्ड प्रदेश में बहुत प्रकार की भाषाएँ है, संथाली, मुड़ारी, कुड़माली, कुडुक, पाँच परगनिया आदि ।

भारतीय स्वतंत्रता के बाद से सब भाषाओं का साहित्य का भी विकास होने लगा है। संस्कृति का कोई भी ऐसा पहलू नहीं है जहाँ लोक गीत, नृत्य नहीं है। लोगो के जीवन में सुख-दुख आशा निराशा, हर्ष विशाद, घात-प्रतिघात, हास परिहस इस लोकगीत के माध्यम में मिलता है। करन परब भाई - बहन के प्रेम का प्रतीक है।

कनअ परबे भाई रे आनबे - लेगबे
कनअ परबे करले विदाय ।
करम परबे भाई रे आनवे लेगबे ।
जीतीया परबे, करबे विदाय ।।

इस तरह प्रतिदिन सुबह शाम करम आखड़ा में जावा को रखकर गाना गायी जाती है। इस क्षेत्र के लड़कियाँ जनम से ही धैर्य साहसी, बुद्धिमति, और पति, सास, ससुर का लछना - गंजना से विचलित न होकर अपना कर्त्तव्य कर जाती हैं। मैके जाने के लिए सास-ससुर का अनुमति देना पढ़ता है तब पति पत्नी को कहता है :-

तोहीं जे जाबे धनी आपन नैइहर,
कोने तोर सोंची देतोअन धन ।

प्रकृति बैचित्रमय इस क्षेत्र में काशी फूल जाने से लड़कियों में आशा की किरण जगती है कि करमा परब आ गया है मेरे भैंया मुझे लेने आयेगे।

काशी फूल फूटी गेल, आशा मोर लागी गले
कोहु गो ससुर हम्मरे विदाय
भैया मोर आवतो लेगे लाय
काश फूल झड़ीगेल नेहिअरेक आश टुटी गेल
नाहीं आवओतो भैया लेगे लाय।

बापके मोर कहि दिया लेगोतो दिन चारी

परब तिहार - परब तिहार सासेके अधिन
सभे परबे प्रभु घुराई फिराई दिहा
करम परबे ना घुराय दिहा ।।

करम एकादशी के दिन सभी पर्वतिया दिन भर गाँव के सभी करम आखड़ाओ में बारी-बारी से अदल-बदल कर नाचती गाती रहती है। सूर्य डुबने के समय तालाब से नहा कर अपना-अपना आखड़ा में करम डाल गाड़ती है।

जखन तोहे करम गुसायँ अरून बने
तखन हामें करम गुसार्य ससुर घारे ।

जखन तोहे करम गुसायँ आखड़ा भितरे
तखन हामे करम गुसायँ नेहिअर घारे ।

गाँव के महतो करम राजा का पूजा आराधना करते हैं। सभी पर्वतियाँ घी की दीया जलाकर करम राजा से अपना गाई की दीर्घायु की कामना करती हैं। पूजा के बाद हल्दी में लगा हुआ कपड़ा या सूता अपना भाई को हाथ में बाँध देती है। जो कि उच्च वर्णार्ग व्यवस्था में रक्षा बंधन के रूप में मनाया जाता है। पूजा के समय पूछा जाता है। काकर करम ? तो उत्तर मिलता है। 'मायेक करम, बापेकधरम' अर्थात् मातृकूल का करमा एवं पितृकूल का धरम पूजा श्रेष्ठ माना जाता है।

इसके दूसरे दिन करम डाली के विसर्जन के साथ करमा समाप्त होती है।।

कुड़मी जाति की सांस्कृतिक पहचान का सूचक है बांदना पर्व

दक्षिण बिहार के सदान व आदिवासी दीपावली का त्योहार कई नामों से, कई रूपों में और कई तरीके से मनाते है। कहीं सोहराय कहीं बदई तो कहीं बदना के नाम से । कहीं तीन दिन तो कहीं पाँच दिन तक त्योहार मनायर जाता हैं। कुड़मी जाति का एक महत्वपूर्ण त्योहार है बंदना। इस संबंध में एक लोकगीत प्रचलित है- 'आई गेलेक बांदना, बेटी छोवाक कांदना'।

बांदना त्योहार के बाद छोआनागपुर क्षेत्र के मेल निवासियों की नवोदित ब्याही

बेटियां ससुराल जाती है। मैके का आनंद, उत्याह, सहेलियां, बंधु-बांधवों को त्यागकर पराधीन जीवन-यात्रा का मार्मिक मनोभाव ऊपरी उक्ति से झलकता है। भारत वर्ष के त्योहारों का संबंध किसी न किसी का कार्य के साथ रहा है। इसी तरह बांदना का संबंध कृषि कार्य के एक भाग हल चलाने का कार्य समाप्त होकर नयी फसल घर में आने की शुरूआत होने से है। बांदना के अवसर पर कृषि कार्य में प्रमुख कारक 'गो' आदि गृहपालित मवेशियों की जननी 'कपिला' माता की संतान की सुरक्षा के लिए उनके स्वस्थ एवं सबल रहने की मंगलकामना कर बांदना की जाती है।

इस अवसर पर यहां की संस्कृति रही है कि जामाय (दामाद) को भी 'बादा' जाता है। अर्थात् नवदम्पति को लड़की के मायके में सास-ससुर तथा गुरूजनों द्वारा उज्जवल भविष्य एवं सुखमय गृहस्थ जीवन व्यतीत करने की 'बंदना' कर आशीर्वाद देकर विदा किया जाता है। युग परिवर्तन के साथ-साथ बदलाव आया है। फिर भी छोटानागपुर में कड़मी जाती के इस त्योहार के अस्त्वि को बचाए रखा है।

बांदना का कार्य सूची

बांदना के अवसर पर महिलाएं सभी घर-आंगन को मिट्टी-गोबर से पोतकर, साफ-सुथरा करती है। अमावस्या की शाम घर के दरवाजों पर एक जोड़ी खेड़ घास की मुट्ठी दी जाती है। दूध और गुड़ी का पिट्ठा सालपत्ता पर रखकर रूई जलायी जाती है। इसको 'जागर' कहते है। खेती करने के सारे उपकरणें - हल, कुदाल, गैंता, राक्सा, मय आदि को चाल की गुड़ी का छींटा दिया जाता है। छींटा देना उन्हें जागृत करने का धोतक है। ऐसा कर उनकी बंदना की जाती है। गोहाल घर में रात भर सरसों तेल की बत्ती जलायी जाती हैं। इसके बाद इखबाड़ी, बैंगन बाड़ी, बिलाती बाड़ी, धान के खेतो को भी जागृत किया जाता है। राम में ग्रामीण युवक ढोल-मांदर लेकर घर-घर जाकर 'गो' बांदना का गीत गाते हैं। इसे धांगड़-झागड़ कहते है। ग्रामीण मुखिया (महतो) के घर से धांगड़ का गीत उसने आदेश लेकर शुरू करते हैं।

गो बांदना के गीत

अहिरे- चांद डूबल भुड़का उठल रे बाबू हो,
सिर सहिषी ठुके से काठाड़ ।
उठो पुता खुलो रे मेलान ।।
अहिरे- नेहि हामे उठब नेहि हामे जागब रे बाबू हो,
नेहि हामे खुलब मेलान ।
शीत सिसिरे हामर आठ अंग भिजी जाये,
नेहि हामें खुलब मेलान।
अरिहे- पाये जे दिब पुता रेशमी खड़म रे बाबू हो,
गाये दिब दहरि चादर ।
माथाय जे दिब पुता सारि सुगार पागड़ी,
तबु पुता खुल रे मेलान ।।
अहिरे- काहां पावें रेशमी खड़म रे बाबू हों,
काहां पावें दहरि चादर ।
काहां पावें सारि मुगा पागही,
नेहि हामे खुलब मेलान ।।
अहिरे- छुथार घरे पाअब रेशमी खुड़म रे बाबू हो,
तांती घरे पाअब चादर ।
आर राजा घरे पाअब सारी संगा के पागड़ी,
तबु पुता खुल रे मेलान ।

इस गीतों में गोमाता बागालों से विनती करती है कि भिनसार (सबेरा) हो गया है। गोहाल खोलो और उन्हें मैदान ले चलो। तब गो रक्षक गोमाता से प्रार्थना करते हैं कि ठंड है शीत से सहेत खराब हो जाएगी मवेशियों को मैदान नहीं ले जायेंगे। तब गोमाता बागालों को पैरों पर खड़म, माथे पर पगड़ी और बदन पर चादर ओढ़कर गो सेवा के लिए प्रेरित करती हैं।

दूसरे दिन भी पहले ही दिन जैसा- लरालिपा (गोबर से साफ करना) कर घर के तुलसी मंच के समक्ष कृषि के उपकरणें को एकत्रित कर रखा जाता है। गृहकर्त्ता एवं गृहिणी उपवास में रहकर सालूक फूल गोहालों की संख्या के अनुसार लाते हैं।

बिना पानी दिए गुड़ी से सूप पर अर्चना की जाती है। गृहदेवता से संतानों एवं गोमाता की मंगलकामना की जाती हैं। इस अवसर पर सभी मवेशियों की सिंगों पर तेल और सिन्दूर का लेप लगाया जाता हैं। शाम के समय पुशुओं की संख्या के अनुसार धान के सीस (बाइद) से माला तैयार की जाती, और पहनायी जाती है। इसी समय फेटाइन बाछुर (मादा) और एड़ा बाछुर (नर) की गोमाता और गोपिता समक्ष बंदना की जाती है। केवल मवेशियों को ही नहीं, नया जाताय् (दामाद) और बेटी के लिए भी वैवाहिक कार्यक्रमों को पुनरावृत्ति कर बंदना की जाती हैं ताकि उनका भविष्य तथा सांस्कृतिक जीवन सुखमय हो । गुड़ी के घोल से कुल्ही से आंगन तक सुन्दर ढंग से सजाया जाता है।

तीसरे दिन बांदना त्योहार की समाप्ति का दिन होता है। इसदिन सभी अपने-अपने कुल्ही के द्वारा में खुटा गाड़कर उस पर एड़ा बाछुर (नर) को बांध सुप या चमड़ा से डराकर खेल प्रदर्शन कर किया जाता है। प्राचीन रो सभ्यता के इतिहास में (Bull-bight) सांढ़ो की लढ़ाई का उल्लेख मिलता है। संभवतः उसी का अनुकरण भी यह हो सकता है। किन्तु उसके कार्यक्रम और इस कार्यक्रम में मेल नहीं खाता है। इस आकर्षक बाज-बाजना से दर्शक आकर्षित होते है। इस कार्यक्रम को छोटानागपुर में 'बरद - खुंटा' के नाम से भी जाना है। बरद खुंटा का

गीत- अहिरे- एते दिन चरालि बाछा-काचय खुपड़े रे बाबू हो,
आज तुंय एते अपमान ।
किना दोश करलि बाछा लिलि गलाय दौड़ि रे,
मरा चामे दिलि रे बजड़।

आधुनिकता की दौड़ मे समाज जितना भी वकृत क्यों न हो पर बांदना, कुड़मी जाती की जातिय संस्कृति का एक मुख्य अंग रहा है। कुड़मी जाति आदि काल से ही गौ को मातृस्वरूपा समझकर पूजा अर्चना करती है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मानव को सामाजिक जीवन इसलिए कहा जाता है कि ये अपनी संस्कृति का निर्माण कर सकते है। समाज में कुछ नियम एवं सिद्धांत है। प्रत्येक जाति की अपनी-अपनी संस्कृति है। इस तरह छोटानागपुर में कुड़मी जाति का सांस्कृतिक परिचय बांदना है। करमा के बाद बांदना गीत गाँव-गाँव

में मांदर के ताल से झूमर और आहिर गीत के माध्यम से प्रस्तुत होते है।

धनलक्ष्मी की प्रकृति पूजा है टुसु

टुसु पर्व मानभूम, सिंहभूम, हजारीबाग, राँची, मयुरभंज, मिदनापुर और बांकुड़ा अंचल का एक लोक महत्व है। मकर वाहिनी अर्थात् गंगा पूजा उनके नामा अनुसार मकर पर्व भी कहा जाता है। तुसला पर्व अर्थात टुसु पूजा अपभ्रंस में टुसु पर्व हुआ। तुसला लक्ष्मी देवी का प्रतिक है।

टुसु पूजा कृषक सांप्रदाय के बीच लक्ष्मी रूप में देखा जाता है। इसे अगहन संक्रांती के दिन ठकुराईन डेनी भीतरान, अनुष्ठान करके टुसु मणी को साथना किया जाता है। धान कटनी खत्म होने के बाद अंतिम समय में कुछ परिपुष्ट धान का गुच्छ छोड़ देने के बाद मिट्टी में छिपकर रखा जाता है। उसके बाद वृहस्पति, शुक्र या सोमवार को धान गुच्छ को जड़ समेत अनुष्ठानिक सुर्यास्त के बाद माथा पर वहन करके घर में लाते है। यही है ठकुराईन या डेनी अनुष्ठान।

ठकुराईन लक्ष्मी देवी को समक्षा जाता है एवं धान गुच्छ को लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। टुसु पूजा के प्रथम दिन शाम के समय पवित्र होकर नया माटी का सौरा अथवा नया बाँस का डाला में उपकारणदि (आट व चावल, गेंदा फूल) लेकर निराला घर का दीयरखा (कलोंगा) चावल चूर्ण द्वारा कल्पना करके टुसु मणी की स्थापना की जाती है। शाम के समय एक-एक ताजा फल अर्पित किया जाता है।

पुष्पांजलि के बाद गीतांजलि का पर्व शुरू होता है। टुसु गीत को पाँच भाग में बाँटा सकता है। साधारण, रंगीन, लहर, जागरण तथा भंसान।

सधारण गीत में कहा जाता है टुसु रात को मातृगृह आयी है, रात को कहीं नहीं निकला दुसरे दिन सुबह जब खेलने निकली तब बहुत सी जोड़ी पारी साथी मिली, किन्तु टुसु का मन रो रहा है। टुसु अपने साथी से बोलती है।

'खेला भाँगली' संगतया माय हामर डाकोहो खेलाक गुटी घुराई देलो, माय हामर कांदो हो।

लेकिन हार मानने के लिए राजी नहीं है। इसलिए कड़ी भाषा में निंदा करके

बोलती है।

हामर टुसु मुढ़ी भाजे, दलान कठाक भीतरे,
उआर टुसु छेछरी मागी, आँचल पोती ले भाइंगे।

कुड़माली संस्कृति में टुसु को लक्ष्मी का स्वरूप बेटी के रूप में मानते सांसरिक परम्परा के अनुसार लाड़-प्यार, आदर-दुलार आदि दिया जाता है। आधुनिक काल में ही टुसु गीत का प्रभाव देखने का मिलता है।

हामर टुसु दक्षिण जाति,
संगे चाकर छः जना,
फिखार बेला देखाय आनब
सावतालडीहेक कारखाना ।

पड़ोस में रात्रि जागरण करके अंतिम समय अफसोस करके गीत गाते है।

तोदेर घरे टुसु छिलो,
करिलो आना गना,
एवार टुसु चोले गेले
करबि लो द्वारा माना,

टुसु मातृगृह में परम सुख एवं आदर के साथ एक महीना काटकर ससुर घर की बात भुल गई है। अब मकर दिन बिदाई को दिन आया । विरह, वेदना, छोड़कर टुसु माँ के छोड़कर ससुराल जा रही है। तब माँ बेलती है। देवी का प्रतीक मानते है।

एतो दिन रहिल टुसु माँ बोले आर डाकिलीना,
जाऐक समय रगड़ लेलि माँ के छोड़े जाबो ना।

बिदाई का पर्व शुरू हो रहा है इसलिए बेटी बिदाई का गोयना-लाठी परिपाटी लाना पड़ेगा। इसलिए

बोम्बई होइते आनब गो जुगल चुड़ी,
पुरूलियाते गड़ाबो गोयना ढ़ाकाक साड़ि,
कोलकाताते रंग करायके टुसु धन के पराइबो।

मकर पर्व का दिन सुबह से ही टुसु बिदाई के लिए गाना जाता है।

तीरीस दिन रहिले टुसु तीरीस टी फूल पाले गो,

आर को राखिते पारी, मकर हेलोउ बादि यो।

आज ही का दिन टुसु माँ के घर छोड़कर ससुरघर में जाती हैं।

जले हेलो जले खेलो,
जले तोमारा कोने आहो,
मने-मने भाभी देखा,
जले हामर ससुरधर आहो।

टुसु मणी को पानी में विसर्जन देने की इच्छा नहीं है फिर भी देना पड़ता हैं। टुसु पर्व ऐसा पर्व है जिसमें कोई व्रत नहीं है। केवल प्रकृति स्वरूप सृष्टि का कारण मानकर घर-घर में धन लक्ष्मी को भंडार परिपूर्ण की आशा में टुसु लक्ष्मी देवी का प्रतीक मानते हैं।

झारखण्ड नामकरण

नामकरण मनुष्य जीवन का महत्वपूर्ण संस्कार हैं। नाम का प्रभाव उसके चरित्र में प्रकाश होता हैं। मनुष्य भाषा का प्रयोग करते हुए अपने मन का भाव प्रकाशित करता हैं। कुछ ऐसे शब्द गड़ता है जिससे मन के अंदर के बुराई एवं अच्छाई के भाव प्रकट होते हैं। साथ ही साथ उसके संबंध में वही धारणा बैठ जाती हैं।

ऐसा ही जाति का अलग-अलग संस्कार के अनुसार नामकरण होता हैं।

अंग्रेज जाति का विश्वास है कि वे अंग्रेज हैं। इसलिए वे कुछ भी कर सकते है किन्तु भारतीय जाति की आदिकाल से ही सुनने की आदत हो गयी है कि वे कुछ नहीं कर सकते हैं। इसलिए हीनमान्यता भाव से विश्वास टूट जाता है।

संस्कृति की विभिन्नता से नामकरण का वशिष्ट भी भिन्न-भिन्न पाई जाती है। कुड़मी जाति में नामकरण के लिए कोई विशेष अनुष्ठान नहीं होता है। कुड़माली संस्कार में बच्चे के जन्म के नौवे दिन अर्थात् नारता दिन माता-पिता, अभिभावक, आत्मीय, कुटुंब, प्रतिवेशी गणें द्वारा नामकरण किया जाता है। अभिजात समाज अथवा उच्चवर्गीय समाज व्यवस्था में जैसे डाकनाम, अच्छा नाम आदि का प्रचलन नहीं हैं।

कुड़मी समाज के नामकरण संपूर्ण निजविशेषता होता है। वर्तमान विभिन्न संस्कृति का नामकरण का प्रभाव पड़ गया हैं। क्योकि यह जाति बंगला, बिहारी, उड़िया विभिन्न जातियों के संपर्क में आयी हैं। फिर भी इसकी अपनी विशेषता देखने मिलती हैं। संतान जन्म के पहले ही माता-पिता में हंसी-मजाक होता है कि लड़का होने पर नाम क्या होगा या लड़की होने पर नाम क्या होगा ? किन्तु इसमें लक्षणीय विषय यह है कि लड़का का नाम माँ श्रखली है। और लड़की का नामा पिता रखता हैं।

आदिकाल में जब यह जाति जंगल में रहता था उस समय की जीवन-यात्रा दूसरा था। भूत-प्रेत, डायन-जुगिन, चुड़किन, बीमारी का भय था और मनुष्य का आत्मरक्षा परमकर्तव्य था। इसलिए संतान को उस भय से बचाने के लिए नामकरण करने का ढंग अलग था। रेंघा, तिला, फुसा, मोड़ा ढूलका भूता।

कुड़मी जाति का कृषि-कार्य ही एकमात्र उपया था। इसलिए खेत खलिहान में काम करते समय बच्चों का जन्म होने पर नाम खमारा, खेता........। प्राकृतिक परिवेश की विशेषता रहने नाम- मेघा, बादला, निरसा........। जंगल में रहने के कारण अपने प्राकृतिक संतान को जंगली जानवारों के साथ तुलना करके नाम रखता था- लकड़ा, बाधु, सियार, प्राकृतिक सुंदरता से कुड़मी बच्चों की तुलना पेड़ से रखता था- शहराई, नीमा, अर्जुना, बेली, करंबरी.......। दिन और महीना के अनुसार नाम प्रचलित हैं- मंगरा, बुधा, लखा, शुकरा, संभा, रबा, अधना, पूषा, फागु, चेता, भादोरा, सरावन, आषाढ़, कार्तिक, माघ........। कोई त्योहार के समय जन्म लेने पर - करमा, करमी, भादु, भदिया, टुसु, टुसिया, जितु, बारनी, रहनी, धरमा, मकरा, भगता, संजता, उपासी, फलारा......। कुड़मी जाति का नाम कारण वास्तमुखी होता हैं।

अंगहानी लेकर बच्चों के जन्म लेने पर- वुचा, खढ़ा, लेदु, कंका, लेल्हा, भुटका, लम्बा, गेंद, छुटु, टुमका, भुलका, चड़कु, पेंड़क, काला, गोरा, होंसा, काजला।

विहाक नेगाचारी

जन जाति कुड़मी गोष्ठि का कुल (81) इकासी गोष्ठि है। विवाह समाज व्यवस्था में कुल परम्परा तथा परिवार के अस्तित्व की रक्षा करता हैं। विभिन्न समाज व्यवस्था में विवाह संस्कार का विधि अलग हो सकता हैं। किन्तु लक्ष्य एक ही है। कि योन सर्म्पक का सामाजिक मान्यता जनजाति कुड़मी का गोष्ठि संख्या अधिक इसलिए है क्योंकि समाज व्यवस्था में विवाह प्रथा का कुछ अपना नियम मान कर चलता जैसे अपना गोष्ठी में विवाह नहीं होती है। कुड़मि जाति में विवाह व्यवस्था इन प्रकार है-

(1) माड़ुवा विवाह :- इस प्रकार के विवाह कुड़मि समाज में श्रेणी माना जाता है। जिसका शुरूआत आखान यात्रा के दिन या अन्य शुभ दिन देखकर परिवार में लड़का-लड़की शादी योग्य होने पर कुटुम्ब द्वारा टवआ ठिकाना चलता है। सही टवआ होने पर गाँवेक माहतो या अपना कुटुम्ब के माण्ध्यता से लड़का-लड़की पर वर-केनियाई देखा-देखी चलता है। दोनों पक्ष राजी होने पर विवाह कार्यक्रम आगे बढ़ाता दिन ठेकान होता हैं।

रेवार :- छेंका-ठेकान दिन में पात्र पक्ष का कुटुम्ब द्वारा लड़की को एकटुम अलंकार देकर विवाह पक्का होता है।

वर देखा :- उसी प्रकार पात्रि पक्ष का कुटुम्ब द्वारा को अँगुठी या घड़ी देकर विवाह के दिन पक्का करते है। उसी दिन से पात्र पक्ष पात्री पक्ष का निमंत्रण आदि चलाता है। विवाह के दिन दोनों घर पर पृक्षक नेगीचारी होती है, जिसका पुरोहित का काम लड़का का बहनोई एवं लड़की का बहनोई करता है।

क) लड़का पक्ष :- माड़ुआ बांधा जाता है। माड़ुआ खुँटी, बांधकुड़ा आदि नेग होता है। "साजनी डाला" में सार-भार आई मायो का कपड़ा, लड़की का श्रृंगार, चुकडी, चुकड़ियाँ, चेंग मछली, इंदूर माटी, मुसकुड़ा, सुता खण्ड, दामड़ा, का सार भार, बाताया, मिठाई की हंडी, माहतो हाड़ी। आम विहा, अम्लो खावा, नेग समापन करने के बाद बारात गाजा-बाजा के साथ केनियाई घर की ओर प्रस्थान करता है।

ख) लड़की पक्ष :- केनियाई घर में भी माड़ुआ बांधा जाता है। माड़ुआ खुँटी, बांध कुड़ा, बड़ि पाड़ा सभी आयोजन करके वर का आने का अधीर प्रतीक्षा किया

जाता है। सभी नेगीचारी में कुड़माली में गीत या जाता है। जिसका आलोचना बाद में रखेंगे। केनियाई गाँव के सीमा पहुँचने पर बारात सब खुँट-खाट के द्वारा उस गाँव के देवी-देवता को आराधना करता है। गाँव घुसते ही धुमकुड़ियाँ के रक्षक घाघर को सार-भार दिया जाता है। केनियाई घार के दुआर लगते ही "गुआटिका" को नेग होता है। माड़ुआ तल में चोक पूरा जाता है। डाला में बेठाकर केनियाई को महुआ माड़ुआ में लाई जाती है। सजनी डाला में सार-भार लाया जाता है। चमक चुका का सीपना एवं "सोनापितर" नेग होता है। बाद में महुआ विहा के लड़की दल महुआ गाछ तल जाती है। वहाँ से आने पर माड़ुआ तर सिंदूर दान नेग द्वारा कुड़मी जातिका विवाह पूरा होता है। दूसरे दिन कुड़मी जाति में मरजाद रखने का प्रचलन है। जो कि वर्तमान आधुनिक कार्य संस्कृति में मरजाद प्रथा उठते जा रहा है। मरजाद अनुष्ठान में बकरा, खाली बली होता है एवं भोज का आयोजन होता है। जिसका देखभाल गाँव के माहतो या सभी दिवान अर्थात आदिवासी स्वशासन विधि से संगठित परिषद् द्वारा निगरानी होता है। शाम के समय चुमान बांदापन क्रिया होता है। खीर खावा बाहर-भीतर नेग किया जाता है। तीसरे दिन सुबह बर-केनियाई का बिदाई होती है। केनियाई के साथ बुढ़ी औरत (लगदीन) बहन सहेलियाँ या भाई जाता है। बर घर पहुँचने के पहले गाँव ग्रामथान, मड़पथान में आशीर्वाद लेकर दरवाजे में गुवाटीका, गुड़ पानी खिलाया जाता है। उसके बाद माड़ुआ में चुमान, मुँह देखान, बड़ा-बड़ी नेग होती है। फिर शाम को चुमान बैठता है। वर-केनियाई घर घुसते समय वर के बहन सब दुआर छेका नेग होता है। इसके बाद खार छाड़ी घोटी लुका नेग के लिए तलाब जाते है। तालाब से आने के बाद दुआर में पैर धोवा नेग होता है। उसी समय ससुर, भैसुर का परिचय दिया जाता है।

माड़ुआ विवाह कुड़मी का आदिम जाति का परिचायक है। वर घारेक माड़ुआ में आम डालि एवं केनियाई घारेक माड़ुआ में मड़ुआ डालि गाड़ि जाती है।

(2) गलट विहा संथाली में "बापला" :- इसी प्रकार विवाह अदला-बदली अर्थात् जिस घर में बेटी जाती है। उसी घर से बेटी लाया जाता है।

(3) सांघा विहा :- विधूर पुरूष एवं विधवा स्त्री की सांघा विहा होती है। इस प्रकार विवाह में लड़की घर का कोई खर्च नहीं होता है। विधूर पुरूष सारा खर्च लेकर

आते है। एवं दोनों गाँवों के माहतो या मांझी के उपस्थिति में सांघा विहा कार्य समाप्त होता है। सांथाली में सांघा बापला कहते हैं।

(4) कईड़ा विहा :- जब किसी अविवाहित पुरूष के साथ बिहेली छोडवी, विधवा की सांघा होती है। उसे कईड़ा विहा कहते हैं। इसमें अविवाहित पुरूष आम विहा के बदले में केला गाछ को बिहा करते है। उसके बाद केनियाई के घर जाते है। एवं सांघा जैसा कार्य समाप्त कहते है। केनियाई पर नहीं लगता है।

(5) वेदकाड़ि विहा (साँवताली में टुनकी दीपल वापला) :- इसी प्रकार के विवाह गरीब लोगो के बीच होता है। केनियाई को वर के घर लाकर सिंदूर देकर शादी रचा दी जाती है।

(6) घर जमाँई विहा :- इस प्रकार शादी पुत्रहीन व्यक्ति शादी तय होने पर वर के गाँव कुड़मी स्वशासित समाज व्यवस्था के देख-रेख में वर को ले आते है एवं लड़का को ससुराल में रहना पड़ता है। संताली में घदी जावाँय वपला कहते हैं।

(7) राजी खुशी विहा :- इस प्रकार के शादी के लिए राजी होने पर गाँव के महतो-माँझी, के पास जाते है। महतो या माँझी देवान गाँव पंच के साथ लड़की के घर जाते है एवं सर्वसमक्ष औपचारिक शादी रचा दिया जाता हैं। संथाली में राजा-राजी वापला कहते हैं।

(8) प्रेम विवाह :- लड़का-लड़की जब प्रेम हो जाता हैं किन्तु अभिभावक राजी नहीं पर महतो-माँझी एवं गाँव के पंच द्वारा शादी रचा दी जाती हैं। वर के पिता को भोज देना पड़ता है।

(9) भेगेड़ विहा :- इस प्रकार शादी में लड़का-लड़की कुड़मी जनजाति कविला के घर से भाग जाती है। कुछ दिन जहाँ-तहाँ हैं। बाद में कुड़मी जनजाति परम्परा गत पंचो के उपस्थिति में सिंदूर दिलाकर विवाह सम्पन्न होता हैं। दोनों पक्ष को गाँव में भोज देना पड़ता है। संथाली बहारेदर वापला कहते है।

(10) सिंदूर घंसा विहा :- जब लड़की के मन पसन्द लड़का के साथ अभिभावक राजी नहीं होता हैं तो लड़का सुयोग देखकर लड़की के माथे पर सिंदूर घंस देता है। उसके बाद पंच द्वारा लड़का-लड़की को दाम्पत्य जीवन व्यतीत करने का अनुमति मितला है। संथाली में इतुर वापला कहते है।

विहागीत के दुई भाग आहेक

1. एक बर पक्ष के गीत :-

2. कन्या पक्ष के गीत :- केनियाई पक्षके गीत करूण रसेक कारण भाई बाप बेटिके आदर यतन कई के मानुष करिके आज परेंक घार जाती केसन रहति माँई बापेक चिनता रहई।

क) बर पक्ष के बीत :- बर पक्षेक गीता सब गुली हाँसि-खुसी अनेक गीत बेटाई बहु आनतेक नउवा कुटुम हेतेक। दुइअ पक्षेक गीतेक नमुना देईह ....।

ख) बड़िपाड़ाक गीत :- वर जेदिन विहा करे जात से दिन बाँसेक छाताई काकी निखा बड़ी पाड़न आर गीत गावत। केनियाई घारे एके रीति हेवेक।

ग) तेल माखा गीत :- जेदिन केनियाई के लगन शुरू हेवक लगन धरातेक सेंई दिन हेरेद तेल माखाई के गीत गावत :-

हरदि पिसते भोजी घामी गेला ।।
भोजी बड़ सुखी भेला ।।
भोजिक भाइके कहि पाठाई देहाक आनि देताक कामिनी
डलाइ देतेक वियानि, भोजिक भाई जनमेक टुअर लोगों काँहा
पावतेक कामिनी डुलाई देतेक विअनि।

3. पानी सहा :- ऐहे नेंगटा वर आर केनियाई दुईअ घारे हेईक। वर आवेक आगुई पानी सहे जात दुईटि कुँवारी छोवाई दुईटि छअअ होंड़ी काँखे लेअंक बाँध जात पानी के टाँगी या छुरा देईक काटन आर गीत गावत।

गीत :- पानी सहेलाई गेलिअ पानी नी मिलेक फानला पानी नीमिलईक,
तर ऐसन भाँगल कपाल रे फानला पाना निमिलईक ।।

4. महुआ विवाह :- वर आवेक बादे ऐहे नेगटा हेवईक महुआ गाछेक सुता बेधत भाई, मसी, काकी, फुफु, जेठीनिखा थुक देईक गुड़ मिलाई करि अम्ल खावआ नेंग कहतिक ऐहे समये

गीत :- भाई गो बेसे गो देह अम्लपानी।
खाई गो अम्लपानी दिहा गो माञ आसिस ।।

5. सोना-पितर :- पहिले माड़ुआ तरे चखपुरइत केनियाई के डाली साजि के

बाहरावथिन अकर बादे ससुर घारले जेतना गहना आवतेक ऐके-ऐके पिंधावत।

क) गहन पिंधाइते ससुर खुजुर –मुजुर । काहे सुसुर खुजुर – मुजुर।।
तोरे घारे बाहिर भितर होती है। देखी नयन जुड़ाउत ।।

ख) देंखे तर पाते खालाई गहना आन लाहात ।
बप हामर गनेश ठाकुर गने बा लाहात है।।

6. सिंदूर दान :- एहे नेगटाई केनियाई के हेरेद गाबल साड़ी पिंधायेक वर अनियाई दुईअ छामड़ा तरे मुँहा–मुँही बसत वर कनियाई मुड़े सिंदूर घंसी देयिक।

मिआ भाल सिरे माला बदल करबे।
पाछे मुसलमान हेके, पाछे खिरीस्तान हेके ।।

7. केनियाई दान :- केनियाकर बाप या काका केनियाई दान करे बसत पुरूब मुँहे।

क) केनियाई बाप वेसेलाहे पुरूब मुँहे।
केसन देखाय चाँद लेखे,

ख) बाप हामर बेसलाह बेटी दान करेलाई
बेटी दान करेक खने आँइखे गिरे लअर
आने गो गातेक गामछा पँअछअब लअर गो।।

8. चुमान गीत :- वर केनियाई के छामड़ा तरे बसाईके चुमान हेवईक थारी, हाँड़ी, गागरा जेटा पारत दान करथिक ।

गीत – बेरा उठे खीनी – खीनी बापके नींद भाँगई नी।
उठे बापु चेतन कर मके जाला दिसना ।।
निहि खईज जमि–जायगा निहि खजअ घार ।
भँइ जे खजब बापु जोड़ा रे गागरा ।।

9. दुआर छेंका :- चमानेक बादे वरेक बहिन सभें दुआरे छेंकत ।

गीत – फालना जाईगाक बड़ खेत टा देखाई देवे तवे दुआर छाड़ देवे।।

10. विदाई गीत :- विहा करूण रसे भरा हेवेक कराय काँखे लालन–पालन कईके बेटी बड़अ हेला आईज परेक घार जाती ना जाने आज केसन रही ।

क) कुम्हार घारेक अरिसारी गो

तेली घारेक सरिसा निंगोछिआ बाहिर करें गो इ जनमेक पारा ।

ख) आगु हुला देले बेटी गो

पेछुई देले जाईएकर बेला बेटी गो देले समुझाय ।।

मरण संस्कार

कुड़मी जनजाति मरने के बाद मिट्टी या जलाने का प्रथा हैं। साधारणतः अविवाहित एवं छोटा बच्चा तथा विशेष रोग ग्रस्त व्यक्ति को मिट्टी दिया जाता हैं एवं शेष को जलाया जाता हैं। श्मशान ले जाने के पहले घर में तुलसी पिढ़ाह पर "हाडे हरईद" नेंग किया जाता है। पति मरने से पत्नी लोहा (विवाह के समय जो पहनाया जाता है) हाथों की चुड़ियाँ फोड़कर शव में दे देती है। पत्नी मरने से पति पत्नी को अंतिम सिंदूर देता है स्त्री मुखाग्नि नहीं करती हैं। शव जलाने के पहले मुखाग्नि पुत्र, पोत्र, भतीजा करते हैं। स्त्री मुख्याग्नि नहीं करती हैं। शव को नया कपड़ा ढ़ककर उसका व्यवहारिक वस्तु लाठी, वस्त्र तम्बाकु, हुका, चिलमु......... सारी चीजें दे दी जाती हैं। क्योंकि कुड़मी जनजाति के विश्वास है कि आत्मा जहाँ जाती हैं वह वस्तु खोजती हैं। शव के साथ जानेवाले को "धाटुवा" कहते हैं। प्रत्येक लोग एक टुकड़ा समय " काँटा दियारी" करने की प्रथा हैं। मरण के तीसरी दिन गाँव के तालाब या नदी किनारे घाट में तेलखैट नेंग होता हैं रात में घाट जाने वाले लोगों को "तीता भात" दिया जाता हैं।

कुड़मी जनजाति का दसर दिन में कामान घाट क्रिया होता है जिसमें मृतक के पुत्र, भतीजा सिर मुड़वाते है एवं मामा घाट उठाते हैं। कामान घाट से घर पहुँचने पर "छाहईर भीतराइन" अर्थात् मृत्यु स्थल पर पानी ढ़ालकर किया जाता हैं। रात को काँधकाठिया भात दिया जाता हैं। बिना नमक का खिचड़ी या सादा भोजन आजकल "बुटसिद्धमुढ़ी" आदि दिया जाता हैं। श्राद्ध क्रिया मृत-आत्मा का अंतिम संस्कार माना जाता है। श्मशान घाट से आने के बाद से मृतक परिवार-गोष्टी का अधुत माने जाते है। तेल माखना, सिंदूर पहनना, या पूजा अनुष्ठान में भाग लेना वर्जित माना जाता है।

ग्यारहवाँ दिन में जनजाति कुड़मी का सभी देव-देवी, ग्रामथान, जाहिराथान, सरणाथान, में मृतक सह पूर्वजों का उद्देश्य श्रद्धानुष्ठान क्रिया होता हैं। सम्बंधित गाँव के महतो या मांझी, देवान तथा पंच परिषद कुटुम्ब संबंधी द्वारा श्रद्धानुष्ठान क्रिया सम्पन्न होता हैं एवं सामर्थ्य अनुयायी भोजका व्यवस्था किया जाता हैं। उसी दिन शाम को "गुड़ीहाथ" क्रिया होता है एवं मुरगी, बकरा काटकर रक्त देखा जाता है। इस प्रकार कुड़मी जनजाति का मरण संस्कार ग्यारहवाँ दिन तक समाप्त होता है।

आदिम संस्कृति खदा

मुसलिम सम्प्रदाय ईश्वर को अल्ला कहते है। खृष्ट सम्प्रदाय जीशु को हिन्दु का भगवान का भगवान को समक्षा जाता है। किन्तु यहाँ अल्ला याशु भगवान रूप से सम्पूर्ण विपरीत।

खदा के बारे में कुछ आलोचना नीचे किया गया।

सर्वप्रथम "खदा" शब्द किस भाषा का या शब्द कोष का है, यह देखना जरूरी समझते है। खदा द्राविड़ गोष्टिका आदिवासी कुड़मी किसान समाज में बुल प्रचलित है। पत्थर के ऊपर धातु पात्र में खुदाई करके विभिन्न प्रकार का चित्र भिन्न-भिन्न भाषा का लेखन चित्र किया जाता है। उसी प्रकार कुड़मी सम्प्रदाय आदिम काल से "खदा" निजस्व संस्कृति है।

1. 'खदा' शब्द कुड़मालि भाषा का मूल शब्द है। खदा को उलकी भी कहा जाता है। कुड़मी समाज में खदा महिला का अंग का भुषण या अलंकार जीवन काल में एक ही बार लिया जाता है। इसका कोई परिवर्तन नहीं होता है। विशेष-विशेष क्षेत्र में पुरूष का अंग भी लिया जाता है। अलंकार के रूप में दैहिक सौन्दर्य वृद्धि साधन। पुरूष देह का विशेष अंग में भागवान का नाम या गोष्टिक विशेष चिन्ह स्वरूप होता है।

2. "खदा" अलंकार हाट बाजार में क्रय-विक्रय नहीं होता है, यह विचित्र अलंकार शरीर पर खुदाई किया जाता है। विचित्र बात यह है कि आदिम काल से कुड़मि समाज ज्ञान विज्ञान में शिल्प कला में चित्र की निर्दशन मिलता है।

3. "खदा" केवल मातृ अलंकार नहीं विज्ञान सम्मत गुणगुण अर्न्तनिहित है। वात व्याधी, व्यथा पीड़ा आदि रोग का चिकित्सा रूप में समाज में प्रचलित है। हाठ, जानु, कोमर से आराम लाभ मिलता है। स्त्री पुरूष सभी को खदा रोग मुक्त रखता है।

4. "खदा" विशेष जन गोष्टिका एक सांकेतिक चिन्ह व्यवहत होता है। खदा विभिन्न प्रकार संकेत चिन्ह, नक्सा जिसमें आसानी से पता लग जाता है। गोष्टि विवाहहिता जैसे हिन्दु रमनीका माथा पर सिन्दूर । कोई उच्च सम्प्रदाय में खदा का प्रचलन नहीं है। केवल झाड़खण्डी है। वर्तमान समाज में खदा प्रायः लुप्त किन्तु एके बारे पुरा लुप्त नहीं हुआ है। इसका कारण अनुसंधान करने पर यह पता चलता है। आदिवासी समाज में आर्य संस्कृति का अनुप्रवेश द्वितीयत आदिवासी समाज का भाखि चारी आचार, धर्म, कर्म की हीन दृष्टि में देखा जाता है। समय के परिवर्तन के समय प्रगति शील चिन्ता भावना तथा संस्कृति का पतन एवं उत्थाना आदिवासी समाज में हीन मन्नता आगामी भनोभाव के फल स्वरूप भाषा, साहित्य संस्कृति रीति रिवाज वर्जन करके आर्य संस्कृति की ओर ग्रहन करने का मननशीलता परिलक्षित होता है।

कल, कुड़मि कड़ा सावताल आदिवासी समाज में वरपन का प्रचलन नहीं था। आर्य समाज के प्रभाव आज भयंकर रूप धारन करके आदिवासी समाज व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया है। वरपन बंध करके के सरकार को कानुन का आधार लेना पड़ राहा है। वरपन विवाह तथा आदिवासी समाज व्यवस्था उच्चचिंता का पिरचालक या नीच चिन्ता। इस प्रकार वरपन विवाह संस्कृति के स्वरूप "खदा" आदिवासी समाज में विज्ञान सम्मत उन्नत । चिकित्सा विज्ञान काल काक विवर्तन अपना अच्छा उन्नत संस्कृति छोड़कर असमंजस पड़कर दियाग्रसत "खदा" चारी के और एक अन्य रूप इस समाज में प्रचलन देखने को मिलता है। जिसका नाम "डामना" है। वर्तमान (Aecupunetur) आकुपांचार चिकित्सा के साथ डामना का तुलना किया जा सकता है। आधुनिक समाज व्यवस्था के चिकित्सा विज्ञान शिशु को "पोलियो भेकसीन" टिका आदि दिया जाता है। उसी प्रकार आदिवासी समाज में शिशु जन्म के 21—30 दिन के अन्दर डामना दिया जाता है। शिशु का तलपेट पर काला शिरा में गरम हसुआ का दाग काटा जाता है। गैइठा या कुलकाटा का आग से हँसुआ का

अग्रभाग गरम करके शिशु को खाटि सरसों का तेल माखकर सावधानी पूर्वक छुका दिया जाता है। समाज में "डामना" अभिज्ञता विशेष व्यस्कता महिला महिला वे काम करते है। खछा जैसे मनुष्य को बात व्यधी से रोग से रक्षा करता है। डामना भी बात व्यधी पेट व्यथा से रिहा करता है। आज का आकुपंचार और कुड़मी समाज का पुराना डामना में कोई अंतर नहीं है। अनुसंधान से पता चलता है। अन्य समाज में जिस हार में पेट दर्द बातव्याधी प्रसार है। कुड़मि समाज में अंततः कम होता है। डामना कुड़मालि शब्दकोष का अपना है। इसका किसी भी भाषा में दूसरा शब्द नहीं है। इसलिए पाठक को समझने में कठिन हो सकता है। विभिन्न भाषा में कुछ शब्द है। जो उसी को अपना लिया जाता है। डामना केवल तलपेअ अर्थात नाभि के मूल के क्षेत्र में दिया जाता है। कभी-कभी पैर हाथ का ग्रंथि में या कपाल या शिरा पर डामना दिया जाता है। ललाट पर गरम हँसुआ अग्रभाग स्पर्श में शिशु का कोई हानि नहीं पहुँचाता है। सूई देने, देनेपर जो कष्ट अनुभव होता है। उसी प्रकार इसमें भी थोड़ा कष्ट अनुभव होता है। विभिन्न समाज व्यवस्था में अपना पहचान होता है। वे लोग जो परिचित नहीं है। इस पर भ्रम तथा अप्रचार करके हीनमन्नता का बीज बुनती है।

कुड़माली चारी
जनम संस्कार

किसी जाति दीर्ध्यकाल से ही एक आचार, रीति रिवाज पर चलती है तो परंपरा वंशनुक्रम से पीढ़ी-पीढ़ी तक देख सीखकर संस्कार बन जाती है। कुड़मी जाति धर्म विश्वासी एवं धर्म भीरू है इसलिए कुड़मी जाति के जीवनधारा में स्वतंत्र वैशिष्ट परिलक्षित होता है। जनम् संस्कार कुड़मी जाति का प्रतिवेशी आदिम अनगुष्ठी से मिलता-जुलता हैं।

साधारणतः कुड़मी जाति संख्याधिक निरक्षर होते हुए भी दीर्त्यकाल से अभिज्ञता ज्ञान से ही शरीर सम्पर्कित ज्ञान में आधुनिक विज्ञान से पीछे नहीं है। इसका प्रतिफल संस्कार एवं रीति-रिवाज पर विज्ञान संगत प्रभाव देखने मिलता हैं।

आध्यात्मिक विचार से मानव देह का गठन क्षिति, अप, तेज, मरूत, वोम जिसे

पंचभूत कहते है,

प्राणी चार प्रकार से जन्म लेते हैं।

(क) अन्तुज - सांप एवं पक्षी (ख) स्वेदज - क्रीड़ा, पतंग, मच्छड

(ग) अद्भिद - वृक्ष, घास, झाड़ी (घ) जरायुज - मानव एवं पशु

स्त्री का श्रृतुकाल में सहवास संभोग द्वारा पुरूष का शुक्र स्त्री का जरायु में संयोग होता है। शुक्राधिक अधिक होने पर पुरूष, रक्ताधिक स्त्रीय बीज अधिक होने पर तथा (पूंबीज = स्त्रीबीज) होने पर क्लीव बच्चा जन्म लेता हैं। स्त्री का ऋतुकाल **16** दिन स्थायी रहता हैं। सहवास के समय सम संख्या जोड़े दिन में लड़का और विषमसंख्या विजोड़ दिन में लड़की होती हैं।

ऋतुकाल के समय अंधकार घर में रहने का नियम है एवं सर्वप्रथम अपना पति या सुर्यदेव को देखती है क्योंकि स्त्री कामातुर होकर जो स्वरूप दर्शन करती है उसी प्रकार संतान जन्म होती हैं। इसीलिए वे विचार विज्ञान संपन्न कहा जा सकता है। शुक्र एवं जौनी रक्त संयोग होने का दिन से **270** से **330** दिन तक संतान मातृगर्भ में रहता है। इस समयकाल में स्त्रीयो को बड़े ध्यान से खान-पान व भारी काम करना होता हैं।

शिशु का स्वास्थ्य माँ के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है इसलिए माँ को विटामिन, सहज पाचनशील खाना दिया जाता है जो गर्भधारण के समय स्त्री का शरीर सुन्दर दिखता है।

कुड़माली रीति में प्रथम गर्भधारण के समय आने पित्रालय (मायके) से एक विशेष सुगुण दिन देखकर मौसी, पिसी, काकी या अन्य कुटुम्ब पिटन, मिसरी, फल आदि विटामिन युक्त खाना लाकर खिलाती है जिसे 'स्वादभक्षण' या 'नमासी' कहा जाता है और प्रतिबैसी कुटुम्ब को जानकारी होता है। प्रसवकाल में गाँव के बुढ़ी लागों या इससे संबधित दाई को बुला लिया जाता है। दूसरा दिन प्रसूति को ओलसिद्ध खने दिया जाता हैं। शिशु को खाटि गाय घी से मालिश, बाद में सरसों तेल से मालिश करके सूरज किरण में रखा जाता है। माता को रसुन तेल मखाया जाता है। रसुन विज्ञान सम्मत रोग प्रतिरोधक है। तीसरे दिन धान का खई, कुरथी दाल या सद्ध खिलाया जाता है नवें दिन प्रसुति नहाती है जिसे नारता कहा जाता हैं। लड़का होने

पर 6 या 8 दिन में लड़की के दिन 7 या 9 दिन में नारता होता है।

मायके से नया कपड़ा लेकर गतिया लोग पहुँचते है एवं सबको नया कपड़ा पहनकर नाखुन, बाल काटा जाता है। इस दिन से प्रसुति अशुद्ध से शुद्ध मानी जाती है। एवं घर के काम काज में हाथ बटाती है। कुड़माली जन्म संस्कार रीति में ब्राह्मन का अनुप्रवेश नहीं हैं। 21 वीं दिन से प्रसुति को सभी अनुशासन से मुक्तकिया जाता हैं। वंश का प्रथम संतान होने पर धरम ठाकुर के मानत करके केश छोड़ दिया जाता है। लड़का के लिए 6—8 महीना लड़की के लिए 7—9 महीना के बाद भात दिया जाता हैं, जिसे मुँह जुठान, भातखवकी, अन्नप्रासन, भुजान आदि कहा जाता है।

जोड़ा महीना में दाँत निकलने से शिशु को 'मगरा सिनान' अर्थात् फूल के ऊपर से पानी डालकर बच्चे को नीचे नहाया जाता हैं। धर्म पूजा मानसिक नहीं परिशोध होने पर विहा नहीं होता है।

कुड़मालि शब्द कुधि

"क"

कँका - गूँगा

कँइच - कमर में खोंसा हुआ कपडा का अश

करम - काम, कर्म

कचटा - मसला हुआ, मसलना

कचड़ा - महुआ फल

